FORM No. III

APP-A
Crim-I

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

जमनालाल बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 नं. 32 सन् 2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत लाडपुरा में प्रार्थी जमनालाल की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम खेड़ा पटवार हल्का खेड़ा में स्थित भूमि खाता संख्या 33 में प्रार्थी का नाम जोधराज पुत्र ग्यारस्या दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में पिता का नाम ग्यारसीराम दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में पिता का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा जोधराज पुत्र ग्यारस्या का राजस्व रिकॉर्ड में नाम जोधराज पुत्र ग्यारस्या उर्फ ग्यारसीराम किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम खेड़ा की जमाबंदी खाता संख्या 33 में नाम जोधराज पुत्र ग्यारस्या के स्थान पर जोधराज पुत्र ग्यारस्या उर्फ ग्यारसीराम दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक 02/1/26 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	